अभिनव सोलह कारण विधान

मूल प्राकृत अपभ्रंश जयमाला
रयधू कवि कृत

●

रूपान्तर
आशुकवि फूलचंद जी शास्त्री 'पुष्पेन्दु'
खुरई (सागर) म० प्र०

●

सम्पादक
साहित्य सेवी कमलकुमार जैन शास्त्री 'कुमुद'
खुरई (सागर) म० प्र०

●

(कुन्थु सागर स्वाध्याय सदन प्रकाशन)

●

प्रकाशक
रतनलाल पंकजराय जैन कालका वाले
१२८६ वकीलपुरा देहली-६

प्रथम-संस्करण	महावीर जयंती	प्रदेय-राशि
११०० प्रति	वी० नि० सं०-२५०८	५) रुपया

भावना भव नाशिनी

"भावना भव नाशिनी"—यह सूक्ति यद्यपि जितनी अपने में पूर्णतया सटीक है तथापि उतनी ही सापेक्ष भी। क्योंकि उसके गर्भ में साधना का बीजांकुर शक्ति रूप में सुषुप्त पड़ा है, जो पांचों समवायों का योग पाकर यथाकाल साध्यरूप कल्पवृक्ष बनकर व्यक्त होगा। भावना की बलवत्ता जहाँ अपने लक्ष्य के केन्द्र बिन्दु के दर्शन करने मात्र तथा ध्येय पर सर्वस्व झुकाने पर ही अवलम्बित है वहाँ साधना की बलवत्ता में सम्पूर्ण रूप से स्व-प्रवृत्ति, पर निवृत्ति रूप निश्चय व्यवहार परक समग्र क्रियात्मकता समाविष्ट है। अर्थात्-जब ध्यान-ध्याता-ध्येय एक रूप हो जाते हैं तभी चारित्र्य की पूर्णता होती है। इसीलिए लौकिक सूक्ति में भी प्रसिद्ध है—कि "भावना से कर्त्तव्य ऊँचा है।" निश्चय ही यदि भावना आत्मकेन्द्र या परमात्म केन्द्र के प्रति सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान रूप है तो साधना यानी निश्चय-व्यवहार परक कर्त्तव्य उसके प्रति सम्यक् चारित्र स्वरूप समझना चाहिये। चूँकि भावना ही साधना की प्राथमिक भूमिका है। इसीलिए चारों ही अनुयोगों में भूमिकानुसार यथा प्रसंग भावनाओं की शैली पाई जाती है। यथा बारह भावना, वैराग्य-भावना, समाधिमरण-भावना, मेरी भावना आदि। ऐसी ही सोलह कारण भावना एक प्रशस्ततम भावना है जो विरले ही सम्यग्यदृष्टि जीवों के द्वारा तीर्थंकर या केवलियों-श्रुत केवलियों के पादमूल में भाई जाती हैं। सम्पूर्ण लोक के जीव-मात्र की मंगल-कामना के उदात्त भाव उस महापुरुष के हृदय में प्रतिष्ठित होते हैं। तभी तो यह जीव मानवता की पराकाष्ठा में परमात्म तत्त्व को प्राप्त कर तीर्थंकर पद का धारी होता है। ऐसे तीर्थंकर प्रत्येक कल्पकाल में चौबीस ही होते हैं। विदित हो कि संसार में तीर्थंकरत्व पद ही सर्वोच्च है। इस पद के धारकों के पुण्य परमाणुओं की प्रेरणा से इन्द्रादिकों को भी भक्ति वश पंच कल्याणकों में आना पड़ता है और निरन्तर दुःख भोगी नारकी भी कुछ समय के लिए शान्ति को प्राप्त करते हैं। इस पद की प्राप्ति सामान्य पुण्य से नहीं किन्तु असाधारण पुण्य से होती है अर्थात् जिन शुभ कार्यों द्वारा बांधे हुए पुण्य के उदय से इन्द्रादि पद प्राप्त होते हैं उस पुण्य में भी ऐसी शक्ति नहीं कि तीर्थंकरत्व पद की प्राप्ति रूप फल को दे सके। इसीलिए तो कहा है कि

"पुण्य फला अरिहंता ।" यहां इसका अर्थ यह नहीं लगाना चाहिए कि पुण्य सर्वथा उपादेय ही है क्योंकि उसके सुफल से अरहंत व तीर्थंकर पद प्राप्त होते हैं, परन्तु उसका अर्थ तो यह है कि स्वधर्म के दर्शन ज्ञान आचरण से उपचार रूप में उनके अनन्यतम पुण्य-वैभव का साहचर्य होता है सो यह शुभाशुभ राग की देन नहीं ; प्रत्युत वस्तु स्वभाव रूप धर्म की देन है तभी तो पुण्य परमाणुओं से घटाटोप घिरे रहने पर भी अरहंतों का चैतन्य पुण्यों के ठाठ को स्पर्श नहीं करता । अस्तु

यहाँ इस प्रसंग में सोलह कारण भावनाओं के महत्त्व का आकलन कराने का हमारा कोई प्रयोजन नहीं है । क्योंकि सम्पूर्ण विधान ही आमूल चूल उनके ही गुणगान-वर्णन में पूर्ण हो रहा है । यहाँ तो केवल हम प्रस्तुत पूजन विधान के निर्माण की भावना और साधना का ही संक्षिप्त दिग्दर्शन आपको कराना चाहेंगे ।

जैन-जगत में आनुष्ठानिक क्रियाओं में पूजन-विधानों का महत्त्व कुछ कम नहीं है । उनमें भी सोलह कारण पूजा-विधान-उद्यापन, दशलक्षण पूजन-विधान-उद्यापन तो सर्वोपरि तथा सर्व प्रचलित हैं । जहाँ-तहाँ धर्मात्मा श्रावकों वा महिलाओं में कविवर श्री टेकचंद जी द्वारा रचित "सोलह-कारण-विधान" का ही प्रचार है । हो भी क्यों नहीं ? क्योंकि इस क्षेत्र में वही तो एक इकाई है, दूसरा कहाँ से लाया जावे ? कविवर के सभी विधान यद्यपि सांगोपांग शास्त्रोक्त विधि से रचे गये हैं और सुविख्यात हैं तथापि उनमें हम आध्यात्मिकता को गौण पाते हैं ।

हमारी संस्था "श्री कुन्थु सागर स्वाध्याय-सदन" खुरई (जिला सागर) म० प्र० के संरक्षक वयोवृद्ध श्रद्धेय श्री रतनलाल जी जैन देहली वालों ने हमारा ध्यान इस ओर आकर्षित किया और प्रेरित किया कि रयधू कवि कृत प्राकृत षोडश कारण जयमाला को आधार बनाकर ऐसा विधान तैयार कीजिये जो कि आधुनिक नवीनतम पूजाओं की शैली में रचा गया हो; रोचक, सुगम एवं अध्यात्म रस से भरपूर हो । इस कार्य के लिए उन्होंने कविवर रयधू कृत उक्त विधान की एक हस्त लिखित प्रति भी भेजी । श्री रयधू कवि ने "दशलक्षण जयमाला के समानान्तर ही षोडश कारण भावना की मात्र जयमाला ही लिखी है । उस जयमाला को ही प्रधानतया आध्यात्मिक केन्द्र बिन्दु बनाकर हमने पूजनाष्टक सहित इस सर्वोपयोगी विधान को जैन जगत के समक्ष प्रस्तुत करने का साहस किया है ।

विधान कर्त्ता वाचक बन्धु देखेंगे कि यह विधान अपने में कितना मौलिक सरस-सरल और अभिनव है । वर्तमान आध्यात्मिक युग की चेतना

के लिए तो मानो संजीवन ही है। सम्पूर्ण विधान में केवल एक ही प्रकार के छंद की योजना है और वह है युगकवि श्री युगल जी कृत "केवल रवि किरणों" वाली देव-शास्त्र गुरु पूजा का अनुकरणीय छंद......पूजन विधान के क्षेत्र में यह हमारा अपना नया प्रयोग जैन जगत की वेदी पर प्रतिष्ठित है। देखें कितना लोकप्रिय होता है ?

स्मरण रहे कि रयधू कवि की यह अनमोल कृति "प्राकृत षोडश कारण जयमाला भाषा" अथवा 'बृहत् षोडश कारण-विधान" के नाम से सर्वप्रथम खुरई नगर के स्वनाम धन्य स्व० श्री छोटे लाल जी जैन के तत्वावधान में जैन साहित्य मन्दिर सागर द्वारा श्रावण संवत् १९८३ में प्रकाशित हुई थी। जिसका द्वितीय संस्करण में उक्त संस्था द्वारा पुनः प्रकाशित किया गया था। वही प्राकृत भाषा की जयमाला अब श्री कुन्थुसागर स्वाध्याय सदन खुरई के संरक्षण में भाषा पूजन विधान के रूप में प्रकाशित हो रही है। आशा है आध्यात्मिकता के इस उगते हुए सूरज के प्रकाश में यह अभिनव कृति अवश्य ही चमत्कारी होगी !

—कमल कुमार जैन शास्त्री 'कुमुद'

अजस्र-प्रेरणा-स्रोत

वयोवृद्ध श्री पन्नालाल जी जैन किताब वाले इस जिनवाणी रूपी गंगा की गंगोत्री हैं, उद्गम केन्द्र हैं।

प्रकाशक, सम्पादक, लेखक और वाचक वृन्दों का सारा श्रेयाभिनन्दन उन्हीं की मूल प्रेरणा को समर्पित है।

जिस प्रकार बिन्दु में सिन्धु की सारी गुणवत्ता समाहित रहती है उसी प्रकार हमारे इस अजस्र-प्रेरणा-स्रोत में हमारी साहित्य गंगा का विराट् प्रवाह समाया हुआ है। उनके प्रति हम अपना श्रद्धा भाव व्यक्त करते हैं।

भारत की राजधानी के समस्त जैन ग्रन्थ भंडारों की सुरक्षा-सुव्यवस्था ही जिस व्यक्ति के जीवन का सारांश बन गया हो; प्रत्येक शोध स्नातक की सुविधाओं को जुटाने वाला जो एक मूक स्वयं सेवक हो—उसके प्रति भला कौन नत मस्तक नहीं होगा ? अतः पुनश्च श्री पन्नालाल जी जैन किताब वालों की प्रेरणा का हम हृदय से अभिनन्दन करते हैं।

—सम्पादक

माँड़नाकृति

अभिनव सोलह कारण विधान



श्री षोडश कारण यंत्र

षोडश कारण व्रत-विधि

फाल्गुन शुक्ला पूर्णिमा को षोडश कारण का मंडल माँडकर और उसमें सिंहासन पर चौबीस तीर्थकरों की प्रतिमा तथा षोडश कारण यंत्र स्थापन करके अभिषेक पूर्वक पूजन करे। पश्चात् समुच्चय मंत्र का जाप करे।

पूजन के दिनों में किसी अतिथि तथा अभ्यागत को भोजन कराके आप भी मौन सहित एक स्थान में बैठ कर एक बार शुद्ध भोजन करे—दूसरी बार जलादि तक भी ग्रहण न करे—अपने आपको इसी समय से व्रती समझे। गृहारम्भादि कार्यों का त्याग करे, विकथा को छोड़े और निरन्तर दर्शनविशुद्धि आदि सोलह भावनाओं का चिन्तवन करता रहे। अपना समय धर्म ध्यान में व्यतीत करे, दिन में निद्रा न ले, प्रमाद तथा खेद दूर करने के लिये रात्रि में यथा सम्भव निद्रा लेवे, इसी प्रकार एक मास आश्विन वदी एकम तक निरन्तर करे। पूर्णिमा का व्रत धारण करके प्रतिपदा को उपवास, फिर दोज को पारणा, पुनः तीज को उपवास, चौथ को पारणा इस प्रकार एक उपवास एक पारणा करके व्रत करे यह मध्यम व्रत की विधि है।

व्रत के बीच में पर्व के दिनों (अष्टमी-चतुर्दशी) के आजाने पर अथवा तिथि की न्यूनाधिकता के कारण कभी-कभी वेला (दो उपवास) तेला (तीन उपवास) भी आ जाते हैं—उनको यथा संभव पालन करना चाहिये। पश्चात् आश्विन वदी २ (गुजराती भादों वदी-२) को व्रत की पूर्णता के लिये भी उक्त प्रकार अभिषेक-पूजादि करके अतिथि-अभ्यागत को भोजन कराके, दीन दुखियों को यथा योग्य दानादि देवे। पश्चात् सुहृद साधर्मी जनों के साथ बैठकर आप भोजन करे। व्रत की निर्विघ्न समाप्ति के हर्ष में विशेष रूप से जिनेन्द्र गुण गान भजन पूर्वक जागरण करे। इतना विशेष और करना चाहिये कि धारणा और पूर्णता के दिन तो समुच्चय मंत्र का जाप और नित्य प्रति दो-दो दिनों में यंत्र लिखित १६ मंत्रों में से क्रमशः एक-एक मंत्र का जाप करना चाहिए। इस प्रकार १६ मंत्र ३२ दिन में पूर्ण होते हैं।

उत्कृष्ट व्रत, वेला-तेला आदि पूर्वक किया जाता है। मध्यम में एक उपवास और एक पारणा इकंतरे से करे। जघन्य व्रत में पर्व के दिनों में पहले दिन उपवास करके नित्य एकासना करना चाहिए।

—पं० कमल कुमार शास्त्री 'कमद'

षोडश कारण उद्यापन-विधि

ऊपर लिखी व्रत विधि के अनुसार माघ, चैत्र और भाद्रपद मासों में एक-एक मास पर्यन्त तीन शाखाओं के व्रत स्वशक्ति अनुसार उत्कृष्ट मध्यम अथवा जघन्य रीति से १६ वर्ष तक करे। पश्चात् निम्न विधि पूर्वक उद्यापन करना चाहिये :—

जिस मास से षोडश कारण व्रत प्रारम्भ किया हो उस मास तक उसे पूर्ण करके उसके अनन्तर शाखा वाले मास में समस्त साधर्मी जनों को बुलाकर उद्यापन की विधि प्रारम्भ करे।

सर्व प्रथम जिन चैत्यालय में एक वेदी या बड़े चौकोर तख्ते पर षोडश कारण का सुन्दर माँड़ना मांड कर उसके मध्य चतुर्विंशति जिन प्रतिमा और यंत्र की स्थापना करके अभिषेक पूर्वक बृहत् षोडश कारण विधान अर्थात् इसी पुस्तक में मुद्रित पूजा जयमाला का प्रारम्भ करके शान्ति पाठ पूर्वक विसर्जन करे।

षोडश कारण मंडल, यंत्र के समान ही सोलह कोठों का पांच प्रकार के शुद्ध रंग में चाँवलों को रंग कर बनाया जाता है। किन्तु कोठों में मंत्रों के नाम न लिखकर साँथिया (स्वस्तिक) बना देना चाहिये।

पूजन के समय प्रत्येक कोठे में प्रत्येक धर्म की जयमाला पढ़कर पूर्णार्घ्य चढ़ाना चाहिये। पूजा शुद्ध वस्त्रों को पहिन कर करना चाहिये तथा मंडल को चँवर छत्र आदि प्रातिहार्य तथा अष्ट मंगल द्रव्य से विविध प्रकार सजाना चाहिये।

उद्यापन में सोलह प्रकार के उपकरण जैसे शास्त्र, चौकी अछावर, चँदेवा, झालर, घंटा, चँवर, छत्र, पूजा के बर्तन आदि चैत्यालय में भेंट करना चाहिये। कम से कम सोलह श्रावकों को भोजन करावे। बादाम सुपारी-श्रीफल आदि कोई फल वितरण करे। तीर्थों, शिक्षा संस्थाओं को, दीन-दुःखी जनों को यथाशक्ति भोजन-वस्त्र-औषधि आदि दान देवे। ज्ञानदान में शास्त्र बाँटे, अतिथि तथा अभ्यागतों का सन्मान करे।

इस सर्वोत्कृष्ट व्रत का फल तीर्थंकर प्रकृति के बंध का कारण है।

—**सम्पादक**

शुभारम्भ

ॐ जय जय जय । नमोऽस्तु नमोऽस्तु नमोऽस्तु ।

आर्या-छन्द

णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आइरियाणं ।
णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्व साहूणं ।।
ॐ ह्रीं अनादिमूलमंत्रेभ्यो नमः
(पुष्पाञ्जलिंक्षिपामि)

चत्तारि-मंगलं

१. अरिहंता मंगलं २. सिद्धा मंगलं ३. साहू मंगलं
४. केवलिपण्णत्तो धम्मो मंगलं

चत्तारि-लोगुत्तमा

१. अरिहंता लोगुत्तमा २. सिद्धा लोगुत्तमा ३. साहू-
लोगुत्तमा ४. केवलिपण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमो

चत्तारि सरणं पव्वज्जामि

१. अरिहंते सरणं पव्वज्जामि २. सिद्धे सरणं पव्वज्जामि
३. साहूसरणं पव्वज्जामि ४. केवलिपण्णत्तं
धम्मं सरणं पव्वज्जामि
ॐ नमोऽर्हते स्वाहा
(पुष्पाञ्जलिंक्षिपामि)

नोट :—'नित्य-पूजा' नाम की पुस्तक में प्रकाशित "अपवित्रः पवित्रो वा" से लेकर सिद्ध पूजा पर्यन्त नित्य-पूजा करने के पश्चात् सोलह कारण भाषा पूजन करना चाहिये ।

श्री सोलहकारण भाषा-पूजा

(कविवर श्री द्यानतराय जी)

अडिल्ल-छन्द

सोलह कारण भाय, तीर्थंकर जे भये,
हरषे इन्द्र अपार, मेरु पै ले गये।
पूजा करि निज धन्य, लखो बहु चावसौं,
हम हूँ षोडश कारण भावें भावसौं ॥

ॐ ह्रीं श्री दर्शन विशुद्ध्यादि षोडश कारणानि अत्र अवतरत अवतरत संवौषट् इत्याह्वाननम्।

ॐ ह्रीं श्री दर्शनविशुद्ध्यादि षोडश कारणानि अत्र तिष्ठत तिष्ठत ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं श्री दर्शन विशुद्ध्यादि षोडश कारणानि अत्र मम सन्निहितानि भवत भवत सन्निधीकरणम्।

(छंद-अथाष्टकम्)

कंचनझारी निर्मलनीर, पूजों जिनवर गुण गम्भीर।
परम-गुरु हो, जय जय नाथ परम गुरु हो ॥
दरश विशुद्धि भावना भाय, सोलह तीर्थंकर पद पाय।
परम-गुरु हो, जय जय नाथ परम गुरु हो ॥
ॐ ह्रीं श्री दर्शन विशुद्ध्यादि षोडश कारणेभ्यः जलम्।
चंदन घसौं कपूर मिलाय, पूजौं श्री जिनवर के पाय।
परम-गुरु हो, जय-जय नाथ परम गुरु हो ॥ दरश० ॥
ॐ ह्रीं श्री दर्शन विशुद्ध्यादि षोडश कारणेभ्यः चन्दनम्।
तन्दुल धवल अखण्ड अनूप, पूजौं जिनवर तिहुँ जगभूप।
परम-गुरु हो, जय जय नाथ परम गुरु हो ॥ दरश० ॥
ॐ ह्रीं श्री दर्शन विशुद्ध्यादि षोडश कारणेभ्यः अक्षतम्।

फूल सुगन्ध मधुप-गुंजार, पूजौं जिनवर जग-आधार।
परम-गुरु हो, जय जय नाथ परम गुरु हो ।। दरश० ।।
ॐ ह्रीं श्री दर्शन विशुद्ध्यादि षोडश कारणेभ्यः पुष्पम् ।

सद नेवज बहुविध पकवान, पूजौं श्री जिनवर गुणखान ।
परम-गुरु हो, जय जय नाथ परम गुरु हो ।। दरश० ।।
ॐ ह्रीं श्री दर्शन विशुद्ध्यादि षोडश कारणेभ्यः नैवेद्यम् ।

दीपक ज्योति तिमिर क्षयकार, पूजों श्री जिन केवल धार।
परम-गुरु हो, जय जय नाथ परम गुरु हो ।। दरश० ।।
ॐ ह्रीं श्री दर्शन विशुद्ध्यादि षोडश कारणेभ्यः दीपम् ।।

अगर कपूर गन्ध शुभ खेय, श्री जिनवर आगे महकेय ।
परम-गुरु हो, जय जय नाथ परम गुरु हो ।। दरश० ।।
ॐ ह्रीं श्री दर्शन विशुद्ध्यादि षोडश कारणेभ्यः धूपम् ।।

श्रीफल आदि बहुत फल सार, पूजों जिन वांछित दातार।
परम-गुरु हो, जय जय नाथ परम गुरु हो ।। दरश० ।।
ॐ ह्रीं श्री दर्शन विशुद्ध्यादि षोडश कारणेभ्यः फलम् ।।

जल-फल आठों द्रव्य चढ़ाय, 'द्यानत' वरत करों मन लाय।
परम-गुरु हो, जय जय नाथ परम गुरु हो ।। दरश० ।।
ॐ ह्रीं श्री दर्शन विशुद्ध्यादि षोडश कारणेभ्यः अर्घ्यम् ।।

जयमाला

दोहा—षोडश कारण जे करें, हरें चतुरगति वास ।
पाप-पुण्य सब नाश के, ज्ञान-भानु परकास ।।

(चौपाई छन्द १६ मात्रा)

दरशविशुद्धि धरे जो कोई, ताको आवागमन न होई ।
विनय महाधारै जो प्रानी, शिव-वनिता की सखी बखानी ।।

शील सदा दृढ़ जो नर पालै, सो औरन की आपद टालै ।
ज्ञानाभ्यास करै मन माहीं, ताके मोह महातम नाहीं ।।
जो संवेग भाव विस्तारै, स्वर्ग मुक्ति पद आप निहारै ।
दान देय मन हर्ष विशेखै, इह भव जस पर भव सुख देखै ।।
जो तप तपै खपै अभिलाषा, चूरे कर्म शिखर गुरु भाषा ।
साधु-समाधि सदा मन लावै, तिहुँ जग भोग भोगि शिव जावै ।।
निश दिन वैयावृत्य करैया, सो निश्चय भव-नीर तिरैया ।
जो अरिहन्त-भगति मन आनै, सो जन विषय कषाय न जानै ।।
जो आचारज-भगति करैं है, सो निर्मल आचार धरे है ।
बहु श्रुतवन्त-भगति जो करई, सो नर संपूरण श्रुत धरई ।।
प्रवचन-भगति करै जो ज्ञाता, लहै ज्ञान परमानन्द-दाता ।
षट् आवश्यक काल जो साधै, सोई रत्नत्रय आराधै ।।
धर्म प्रभाव करै जो ज्ञानी, तिन शिव-मारग रीति पिछानी ।
वत्सल अंग सदा जो ध्यावै, सो तीर्थंकर पदवी पावै ।।

दोहा

ये ही षोडश भावना, सहित धरे व्रत जोय ।
देव-इन्द्र-नागेन्द्र पद, द्यानत शिव-पद होय ।।

ॐ ह्रीं दर्शन विशुद्धयादि षोडश कारणेभ्यः अर्घ्यम् ।

इत्याशीर्वादम पुष्पांजलिं क्षिपेत्

षोडश-कारण-भावना

जाप्य-मन्त्र

१. ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्ध्ये नमः
२. ॐ ह्रीं विनयसम्पन्नतायै नमः
३. ॐ ह्रीं शीलव्रतेष्वनतिचाराय नमः
४. ॐ ह्रीं अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगाय नमः
५. ॐ ह्रीं संवेगाय नमः
६. ॐ ह्रीं शक्तितस्त्यागाय नमः
७. ॐ ह्रीं शक्तितस्तपसे नमः
८. ॐ ह्रीं साधु समाधये नमः
९. ॐ ह्रीं वैयावृत्यकरणाय नमः
१०. ॐ ह्रीं अर्हद्भक्तये नमः
११. ॐ ह्रीं आचार्यभक्तये नमः
१२. ॐ ह्रीं बहुश्रुतभक्तये नमः
१३. ॐ ह्रीं प्रवचनभक्तये नमः
१४. ॐ ह्रीं आवश्यकापरिहाणये नमः
१५. ॐ ह्रीं मार्ग प्रभावनायै नमः
१६. ॐ ह्रीं प्रवचनवत्सलत्वाय नमः

(इति जाप्यं दद्यात्)

●

अभिनव सोलहकारण विधान

(स्थापना)

शुभ नाम कर्म की पुण्य प्रकृति, सर्वोत्कृष्ट तीर्थंकर है।
उसके आश्रव का कारण भी, शुभ भाव प्रशस्त शुभंकर है।।
जिन केवलियों श्रुत केवलियों, के पाद मूल को पा करके।
भाई जातीं जो भावनाएँ, सोलह कारण अपना करके।। १।।

वे सम्यग्दृष्टि महा पुरुषों की, आत्म-शुद्धि की छाया में।
पनपा करतीं धर्मानुराग वश, पुण्य बंध की माया में।।
उन सोलह कारण भावनाओं का आह्वानन स्थापन है।
जिन बिम्बों के प्रतिबिम्बों में, अपने स्वरूप का अर्चन है।। २।।

ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्धयादि षोडशकारण समूह अत्र अवतर अवतर संवौषट् स्वाहा।। इत्याह्वाननम्।।

ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्धयादि षोडशकारण समूह अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्वाहा।। इति स्थापनम्।।

ॐ ह्रीं दर्शन विशुद्धयादि षोडशकारण समूह अत्र मम-सन्निहितो भव भव वषट् स्वाहा।। इति सन्निधापनम्।।

जलम्

भव-भव का सारा मैल धुला, अब इच्छाओं की प्यास नहीं।
सम्यक् ज्ञानामृत पा करके, मृगजल पर अब विश्वास नहीं।।
दर्शनविशुद्धि आदिक प्रशस्त, शुभ भावनाओं का जल लाया।
तीर्थंकर पुण्य-प्रकृति पाने, सोलहकारण को अपनाया।।
ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्धयादि षोडश कारणेभ्यो जलम् नि०स्वा०।।१।।

चन्दनम्

तन-मन की तपन मिटी मेरी, बुझ रही राग की आग यहाँ ।
बचनामृत शीतल चन्दन से, चेतन में उठा विराग यहाँ ।।
दर्शनविशुद्धि आदिक प्रशस्त, शुभ भावनाओं के चन्दन से ।
कृतकृत्य हुआ मेरा जीवन, सोलह कारण अभिनन्दन से ।।
ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्ध्यादि षोडश कारणेभ्यो चन्दनम् नि०स्व० ।।२।।

अक्षतम्

क्षत-विक्षत पर्यायों पर से, उठ गई हमारी दृष्टि प्रभो !
निज को अखण्ड अक्षत पाकर, बदली सब लौकिक सृष्टि विभो !
दर्शन विशुद्धि आदिक प्रशस्त, शुभ भावनाओं के तन्दुल हैं ।
भव-सागर पार उतरने को, ये सोलह कारण ही पुल हैं ।।
ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्ध्यादि षोडश कारणेभ्यो अक्षतम् नि०स्वा० ।।३।।

पुष्पम्

इन रंग-बिरंगे फूलों पर, अब कभी नहीं मँडराऊँगा ।
विषयों के चुभते शूलों पर, अब नहीं भूल कर जाऊँगा ।।
दर्शनविशुद्धि आदिक प्रशस्त, शुभ भावनाओं के सुमन चुने ।
तीर्थंकर प्रभु के पद पाकर, सोलह कारण के भाव बने ।।
ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्ध्यादि षोडश कारणेभ्यो पुष्पम् नि०स्वा० ।।४।।

नैवेद्यम्

जब दर्शन-पूजन करने से, तन-मन-लोचन सब तृप्त हुए ।
तब क्षुधा मिटाने तथाकथित, ये षट्रस व्यंजन व्यर्थ हुए ।।
दर्शनविशुद्धि आदिक पशस्त, शुभ भावनाओं का चरु लाया ।
तीर्थंकर पुण्य प्रकृति पाने, सोलह कारण को अपनाया ।।
ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्ध्यादि षोडश कारणेभ्यो नैवेद्यम् नि०स्वा० ।।५।।

दीपम्

इस ज्ञान-दीप के जलने से, मिथ्यात्व अँधेरा भाग गया ।
जग का व्यवहार सचेत हुआ, निश्चय अपने में जाग गया ।।
दर्शनविशुद्धि आदिक प्रशस्त, शुभ भावनाओं की ज्योति जगी ।
सोलह कारण के दीपक से, युग-युग की काली रात्रि भगी ।।
ॐ ह्रीं दर्शनाविशुद्ध्यादि षोडश कारणेभ्यो दीपम् नि०स्वा० ।।६।।

धूपम्

प्रभु भक्ति-वन्दना के द्वारा, शुभ-अशुभ विकार हुए स्वाहा ।
शुद्धोपयोग की पावक में, चिच्चमत्कार चमका आहा ।।
दर्शनविशुद्धि आदिक प्रशस्तक, शुभ भावनाओं की धूप उड़ी ।
सोलह कारण के सौरभ से, निज परणति सहज स्वरूप जुड़ी ।।
ॐ ह्रीं दर्शनशुद्धवियादि षोडश कारणेभ्यो धूपम् नि०स्वा० ।।७।।

फलम्

है नर्क निगोद अशुभ का फल, शुभ का फल तो मानवता है ।
मानवता का फल संयम है, संयम को देव तरसता है ।।
दर्शनविशुद्धि आदिक प्रशस्त, शुभ भावनाओं की फलावली ।
तीर्थंकर के पद-पद्मों में, सोलह कारण की खिली कली ।।
ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्ध्यादि षोडश कारणेभ्यो फलम् नि०स्वा० ।।८।।

अर्घ्यम्

जल चन्दन अक्षत पुष्प और, नैवेद्यम् एकाकार हुए ।
जड़ दीप धूप फल अष्ट, द्रव्य ये पूजा के उपचार हुए ।।
दर्शनविशुद्धि आदिक प्रशस्त, शुभ भावनाओं का अर्घ्य लिया ।
तीर्थंकर पद की प्राप्ति हेतु, सोलह कारण पीयूष पिया ।।
ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्ध्यादि षोडश कारणेभ्यो अर्घ्यम् नि०स्वा०।।९।।

अथ दर्शनविशुद्धि भावना-पूजा

(कुण्डली-छन्द)

झूठ सहित हिंसा तथा, भ्रान्ति रूप मिथ्यात्व ।
जहाँ नहीं हो दृष्टिगत, वहीं शुद्ध सम्यक्त्व ।।
वहीं शुद्ध सम्यक्त्व अष्ट अंगों से भूषित ।
दरश-विशुद्धी प्रथम भावना नर-सुर पूजित ।।
जल-चन्दन वनशालि पुष्प चरु दीप धूप फल—
युक्त अर्घ्य ले करूँ समर्पित चरणाम्बुज-तल ।।

ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्धये नमः ।

यहाँ पर इस मंत्र से १०८ बार जाप देना चाहिये ।
पश्चात्—

ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्धये जलम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्धये चन्दनम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्धये अक्षतम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्धये पुष्पम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्धये नैवेद्यम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्धये दीपम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्धये धूपम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्धये फलम् नि० स्वा०

नोट : यदि प्रथक प्रथक अष्ट द्रव्य न चढ़ाना हो तो—
ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्धये अर्घ्यम् नि० स्वा० पढ़कर अ
चढ़ाना चाहिये ।

दर्शनविशुद्धि भावना जयमाला

(१)

जो पंचमगति पहुँचाने में, कारण है मुक्ति दिलाने में।
जो दुर्गति दूर हटाने में, कारण पीयूष पिलाने में ।।
भव-भव के घने अंधेरे को, जो सूरज बनकर नष्ट करे।
उसको भाऊँ उसको ध्याऊँ, जो जग के सारे कष्ट हरे ।।
है यही भावना सर्व प्रथम, दर्शनविशुद्धि धारण कर लूँ।
फिर सोलह कारण भा-भाकर, मैं स्व-पर तरण-तारण करलूँ ।।

(२)

निज मत में मैं, निःशंक रहूँ, निःस्पृही रहूँ भव-भोगों से।
मैं नहीं घृणा के भाव रखूँ, रत्नत्रयधारी लोगों से ।।
जो देव शास्त्र गुरु खोटे हैं, उनकी उपासना नहीं करूँ।
इन चार भावनाओं द्वारा, निज की विराधना नहीं करूँ ।।
है यही भावना सर्व प्रथम, दर्शनविशुद्धि धारण कर लूँ।
फिर सोलह कारण भा-भाकर, मैं स्वपर तरण-तारण कर लूँ ।।

(३)

साधर्मी हैं जो भी अपने, उनकी छिपाऊँगा कमजोरी।
जो डवाँडोल है धर्मों में, उनको टिकाऊँगा उस ओरी ।।
वात्सल्य भावना पालूँगा, अपने सहधर्मी भाई से।
अपनत्व रखूँगा मैं उनसे, बरतूँगा मानवताई से ।।
है यही भावना सर्व प्रथम, दर्शनविशुद्धि धारण कर लूँ।
फिर सोलह कारण भा-भाकर, मैं स्व पर तरण-तारण करलूँ ।।

(४)

होवे प्रभावना दिग् दिगन्त, जैनत्व और जिन-शासन की ।
त्यागूँ विमूढताएँ तीनों, गुरु, देव, लोक-आराधन की ।।
मैं कु-गुरु कु-देव कु-धर्म छोड़, उनके भक्तों से मुख मोड़ूँ ।
सम्यग्दर्शन से जीवन का, चैतन्य पूर्ण नाता जोड़ूँ ।।
है यही भावना सर्व प्रथम, दर्शनविशुद्धि धारण करलूँ ।
फिर सोलह कारण भा-भाकर, मैं स्व-पर तरण-तारण करलूँ ।।

(५)

निज जाति और कुल का मुझमें, हे नाथ नहीं अभिमान रहे ।
मद, कर्म-निमित्तक वैभाविक, परणति है इतना ध्यान रहे ।।
हो अंगहीन कुल हीन भले, चाण्डाल अहिंसा व्रतधारी ।
सम्यक्त्व प्राप्त करके होता, वह स्वर्गों का भी अधिकारी ।।
है यही भावना सर्व प्रथम, दर्शनविशुद्धि धारण करलूँ ।
फिर सोलह कारण भा-भाकर, मैं स्व-पर तरण-तारण करलूँ ।।

(६)

प्रभुता के मद से, वैभव से, चारों गति में भव-भ्रमण हुआ ।
निर्ग्रन्थ मार्ग के द्वारा ही, आत्म-स्वरूप में रमण हुआ ।।
यह काया ही जब नश्वर है, तब रूप-रंग का क्या कहना ?
इसलिए रूप मद से मुनिवर, हूँ चाह रहा वंचित रहना ।।
है यही भावना सर्व प्रथम, दर्शनविशुद्धि धारण करलूँ ।
फिर सोलह कारण भा-भाकर, मैं स्व-पर तरण-तारण करलूँ ।।

(७)

ग्यारह अंगों के पाठी भी, जो बड़े बड़े श्रुत ज्ञानी हैं ।
परलक्षी ज्ञान क्षयोपशम से, वे विद्या के अभिमानी हैं ।।

जब महा तपस्वी द्रव्य लिंग, धारण करके भी भव्य नहीं।
तब ज्ञान तपस्या का मद करना, अज्ञों का कर्त्तव्य नहीं ।।

है यही भावना सर्व प्रथम, दर्शनविशुद्धि धारण करलूं ।
फिर सोलह कारण भा-भाकर, मैं स्व-पर तरण-तारण करलूं ।।

(८)

विज्ञान कलाओं, ऋद्धि-सिद्धि के, भौतिक बल पर इतराना ।
सम्यग्दर्शन से च्युत होकर, चारों गति के चक्कर खाना ।।

यह वीतराग विज्ञान कला का, भेद जिन्होंने पाया है ।
गर्वों का करके सर्वनाश, कर्मों को मार भगाया है ।।

है यही भावना सर्व प्रथम, दर्शन-विशुद्धि धारण करलूँ ।
फिर सोलह कारण भा-भाकर, मैं स्व-पर तरण-तारण करलूँ ।।

(९)

शंकादिक आठों दोषों से, आठों गर्वों से दूर रहूँ ।
ये छह अनायतन क्षय करके, तीनों में नहीं विमूढ़ रहूँ ।।

इस भाँति दोष ये पच्चीसों, तजकर सम्यक्त्व जगाऊँगा ।
भावों का अर्घ्य बना करके, पापों को दूर भगाऊँगा ।।

है यही भावना सर्व प्रथम, दर्शनविशुद्धि धारण करलूँ ।
फिर सोलह कारण भा-भाकर, मैं स्व-पर तरण-तारण करलूँ ।।

ॐ ह्रीं दर्शन विशुद्ध्यै महार्घ्य निर्वपामीति स्वाहा ।।

इति दर्शन विशुद्धि भावना-पूजा समाप्ता

अथ विनय सम्पन्नता भावना-पूजा

(कुंडली छंद)

दर्शन ज्ञान चरित्र तप, निधियों का बहुमान ।
हो शुचि मन वच काय से, विनय शीलता जान ।।

विनय शीलता जान भावना ये ही द्वितीया।
यही विनय सम्पन्नताई है भव्य स्वकीया॥

जल, चन्दन, वनशालि पुष्प चरु दीप धूप-फल।
युक्त अर्घ्य ले करूँ सर्मपित चरणाम्बुज-तल॥

ॐ ह्रीं विनय सम्पन्नतायै नमः

यहाँ इस मंत्र से १०८ बार जाप देना चाहिये। पश्चात्—

ॐ ह्रीं विनयसम्पन्नतायै जलम् नि० स्वा०

ॐ ह्रीं विनयसम्पन्नतायै चन्दनम् नि० स्वा०

ॐ ह्रीं विनयसम्पन्नतायै अक्षतम् नि० स्वा०

ॐ ह्रीं विनयसम्पन्नतायै पुष्पम् नि० स्वा०

ॐ ह्रीं विनयसम्पन्नतायै नैवेद्यम् नि० स्वा०

ॐ ह्रीं विनयसम्पन्नतायै दीपम् नि० स्वा०

ॐ ह्रीं विनयसम्पन्नतायै धूपम् नि० स्वा०

ॐ ह्रीं विनयसम्पन्नतायै फलम् नि० स्वा०

नोट : यदि पृथक पृथक अष्ट द्रव्य न चढ़ाना हो तो—

ॐ ह्रीं विनयसम्पन्नतायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा पढ़ कर अर्घ्य चढ़ाना चाहिये।

●

विनय सम्पन्नता भावना जयमाला

(१)

सदृष्टि ज्ञान चारित्र्य तपो, निधियों के पावन चरणों में।
झुक-झुक जाऊँ बलि-बलि जाऊँ, आदर्शमयी अनुकरणों में॥

यह विनय-भाव भव नाशक है, जल जाते दुःखों के जंगल।
यह विनय-भाव वह पावक है, छा जाते मंगल ही मंगल॥

निज मनोभूमि में रोप इसे, आजीवन इसको अपनाऊँ।
इस विनयशीलता के गुण पर, झुक झुक जाऊँ, बलि बलि जाऊँ॥

(२)

यह विनय आग की चिनगारी, भव-तरु को शीघ्र जलाने में।
यह तीन लोक में सर्व श्रेष्ठ, गुण है मिथ्यात्व गलाने में॥
यह विनयशीलता ही केवल, जिन-शासन का है मूल अरे!
मिथ्या मत वालों को लेकिन, है विनयशीलता शूल अरे!
निज मनोभूमि में रोप इसे, आजीवन इसको अपनाऊँ।
इस विनयशीलता के गुण पर, झुक झुक जाऊँ, बलि बलि जाऊँ॥

(३)

यह मनुज जन्म है शुष्क वृक्ष, मानो चमड़े का विनय बिना।
जो जलकर स्वाहा हो जाता, अभिमान अग्नि से विनय बिना॥
सद्देव शास्त्र गुरु सद्दर्शन, सन्मति की विनय, विनय होती।
व्रत संयम में रुचि रखना भी, व्यवहार चरित्र विनय होती॥
निश्चय से श्रद्धा रुचि पूर्वक, आतम स्वभाव पर झुक जाऊँ।
निज मनोभूमि में रोप इसे, आजीवन इसको अपनाऊँ॥

(४)

चैतन्य, मूर्ति, ज्ञानानन्दी निज आतम का ही ध्यान धरूँ।
क्षण क्षण उसका अनुभव करके, चारों गतियों का भ्रमण हरूँ॥
मैं निज स्वरूप को राग-द्वेष से मैला नहीं बनाऊँगा।
यह विनय रूप पाथेय मोक्ष के मार्ग साथ ले जाऊँगा॥
निज मनो भूमि में रोप इसे, आजीवन इसको अपनाऊँ।
इस विनयशीलता के गुण पर, झुक झुक जाऊँ, बलि बलि जाऊँ॥

(५)

मेरे जीवन की एक घड़ी भी, व्यर्थ नहीं जाने पावे ।
पल भर को भी सपने में भी, नहिं अहंभाव आने पावे ।।
बस यही भावना भाता हूँ, मैं नित्य विनय सम्पन्न रहूँ ।
फिर मुक्ति-रमा के वरण हेतु, निज चेतन में प्रच्छन्न रहूँ ।।
निश्चय से श्रद्धा रुचि पूर्वक, आतम स्वभाव पर झुक जाऊँ ।
निज मनोभूमि में रोप इसे, आजीवन इसको अपनाऊँ ।।

ॐ ह्रीं विनयसम्पन्नतायै महार्घ्यं नि० स्वाहा ।।

इति विनय सम्पन्नता भावना पूजा समाप्ता

●

अथ निरतिचार शील-व्रत भावना-पूजा

(कुंडली छंद)

व्रत पंचक संयुक्त हो, सदाचार अ-कषाय ।
निरतिचार पच्चीस शुभ, कृत्यों का समुदाय ।।
कृत्यों का समुदाय, शीलव्रत उसको जानो ।
इसी तीसरी प्रबल भावना को सन्मानो ।।
जल चन्दन वनशालि पुष्प, चरु दीप धूप फल ।
युक्त अर्घ्य ले करूँ समर्पित चरणाम्बुज-तल ।।

ॐ ह्रीं निरतिचार शीलव्रताय नमः ।

यहां इस मंत्र से १०८ बार जाप देना चाहिये । पश्चात्—

ॐ ह्रीं निरतिचार शीलव्रताय जलम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं निरतिचार शीलव्रताय चन्दनम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं निरतिचार शीलव्रताय अक्षतम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं निरतिचार शीलव्रताय पुष्पम् नि० स्वा०

ॐ ह्रीं निरतिचार शील व्रताय नैवेद्यम् नि० स्वा०

ॐ ह्रीं निरतिचार शील व्रताय दीपम् नि० स्वा०

ॐ ह्रीं निरतिचार शील व्रताय धूपम् नि० स्वा०

ॐ ह्रीं निरतिचार शील व्रताय फलम् नि० स्वा०

नोट : यदि पृथक पृथक अष्ट द्रव्य न चढ़ाना हो तो—

ॐ ह्रीं निरतिचार शील व्रताय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा पढ़कर अर्घ्य चढ़ाना चाहिये।

●

निरतिचार शील व्रत भावना-जयमाला

(१)

दुर्गतियों के दुख हरता है, शुभ गतियों के सुख भरता है।
व्रत-जप-तप-संयम-सदाचार में जीवन फूँका करता है॥
यह महा शीलव्रत निरतिचार मैं दृढ़ता पूर्वक पाल सकूँ।
इस चंचल मन के मर्कट के, पाँवों में साँकल डाल सकूँ॥
इसलिए भावना भाता हूँ, मैं शील महाव्रत पालन की।
हो नमस्कार इसको मेरा, यह सीढ़ी सोलह कारण की॥

(२)

अतिचार हीन व्रत शुद्ध शील, संयम मैं अंगीकार करूँ।
मन के मतवाले हाथी पर, शीलांकुश से अधिकार करूँ॥
स्त्रीलिंग वाची कोई हो नारी तिर्यंचनी या देवी।
परछाईं भी इनकी छोड़ूँ मन वचन और काया से भी॥
इसलिये भावना भाता हूँ, मैं शील महाव्रत पालन की।
हो नमस्कार इसको मेरा, यह सीढ़ी सोलह कारण की॥

(३)

अश्लील और शृंगारमयी, सब चर्चाओं से दूर रहूँ।
वासना जन्य कामुकता तज मैं ब्रह्मचर्य में चूर रहूँ॥
ये विकथाएँ खोटे किस्से, सीखूँगा, नहीं सिखाऊँगा।
ये भण्ड प्रदर्शन हाव-भाव, देखूँगा नहीं दिखाऊँगा॥
इसलिए भावना भाता हूँ, मैं शील महाव्रत पालन की।
हो नमस्कार इसको मेरा, यह सीढ़ी सोलह कारण की॥

(४)

प्रभु अल्प वयस्का बाला के, प्रति पुत्री का सा भाव रहे।
प्रभु सम वयस्क सुन्दर युवती, पर बहिन समान झुकाव रहे॥
प्रभु अधिक वयस्का प्रौढ़ कामिनी पर माता-सी दृष्टि रहे।
प्रभु द्रव्य दृष्टि में लिंग भेद, से परे समूची सृष्टि रहे॥
इसलिए भावना भाता हूँ, मैं शील महाव्रत पालन की।
हो नमस्कार इसको मेरा, यह सीढ़ी सोलह कारण की॥

(५)

इसके कारण देवेन्द्र आदि, आ चरणों में शत नमन करें।
इसके कारण ही साधु मोक्ष, नगरी में सत्वर गमन करें॥
हाँ, शील शिरोमणि रोगी या कोढ़ी बदसूरत रहे भले।
पर राजा प्रण भी मोहित हो कर गिरते उसके चरण तले॥
इसलिए भावना भाता हूँ, मैं शील महाव्रत पालन की।
हो नमस्कार इसको मेरा, यह सीढ़ी सोलह कारण की॥

(६)

जो कुछ भी व्रत जप-तप संयम, जीवन में अंगीकार किया।
वह निरतिचार हो निर्मल हो, क्या इतना कभी विचार किया?

अपने स्वरूप में टिक रहना ही निश्चय आवश्यक कहलाता ।
पर में आसक्ति न रखना ही, व्यवहार शील संज्ञा पाता ।।
इसलिए भावना भाता हूँ, मैं शील महाव्रत पालन की ।
हो नमस्कार इसको मेरा, यह सीढ़ी सोलह कारण की ।।

(७)

हो शील सहित व्रत थोड़े भी, पर फल वे बहुत अधिक देते ।
हो शील रहित व्रत बहुत अधिक, वे बिलकुल सफल नहीं होते ।।
जो भव्यशील व्रत का साधन, करते हैं अपने तन-मन से ।
वे नर होकर भी दुनियां में, विचरा करते नारायण से ।।
इसलिए भावना भाता हूँ, मैं शील महाव्रत पालन की ।
हो नमस्कार इसको मेरा, यह सीढ़ी सोलह कारण की ।।
ॐ ह्रीं निरतिचार शीलव्रताय महार्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा ।

इति निरतिचार शील व्रत-भावना पूजा समाप्ता

●

अथ अभीक्षणज्ञानोपयोग भावना-पूजा

(कुंडली छंद)

आत्म ज्ञान चिन्तन-मनन, यथा काल स्वाध्याय ।
सामायिक सद्गुरु विनय, तत्व-ज्ञान समझाय ।।
तत्व-ज्ञान समझाय धर्म का मर्म बताना ।
है अभीक्षण ज्ञानोपयोग जिन शास्त्र बखाना ।।
जल चंदन बनशालि पुष्प चरु दीप धूप फल ।
युक्त अर्घ्य ले करूँ सर्मापित चरणाम्बुज तल ।।

ॐ ह्रीं अभीक्षण ज्ञानोपयोगाय नमः ।

यहां इस मंत्र से १०८ बार जाप देना चाहिये । पश्चात्—

ॐ ह्रीं अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगाय जलम् नि० स्वा०

ॐ ह्रीं अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगाय चंदनम् नि० स्वा०

ॐ ह्रीं अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगाय अक्षतम् नि० स्वा०

ॐ ह्रीं अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगाय पुष्पम् नि० स्वा०

ॐ ह्रीं अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगाय नैवेद्यम् नि० स्वा०

ॐ ह्रीं अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगाय दीपम् नि० स्वा०

ॐ ह्रीं अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगाय धूपम् नि० स्वा०

ॐ ह्रीं अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगाय फलम् नि० स्वा०

नोट : यदि पृथक पृथक अष्ट द्रव्य न चढ़ाना हो तो—

ॐ ह्रीं अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगाय अर्घ्यम् नि० स्वा० पढ़ कर अर्घ्य चढ़ाना चाहिये ।

●

अभीक्ष्णज्ञानोपयोग-भावना जयमाला

(१)

निज ज्ञान स्वभावी चेतन में, उपयोग निरन्तर बना रहे ।
बस ज्ञान-ज्ञान की धारा में ही सतत अभीक्षण पना रहे ।।
ज्ञानोपयोग की अर्चा को, करता हूँ अष्ट प्रकारों से ।
पुष्पाञ्जलि क्षेपण करता हूँ, निश्चय एवं व्यवहारों से ।।
प्रभु ! यही भावना भाता हूँ, उपयोग ज्ञान में लगा रहे ।
बस ज्ञान ज्ञान में ही मेरा, चैतन्य निरन्तर पगा रहे ।।

(२)

चिन्मात्र आत्मा की क्षण-क्षण प्रभु ! जहाँ भावना होती है ।
निश्चय से उस ज्ञाता-दृष्टा की ज्ञान चेतना होती है ।।

आगम पढ़ने या तत्वों के, चिन्तन में जो उद्योगी हैं।
शास्त्रोपदेश में लगे हुए ही सतत ज्ञान उपयोगी हैं ॥
प्रभु ! यही भावना भाता हूँ, उपयोग ज्ञान में लगा रहे।
बस ज्ञान-ज्ञान में ही मेरा, चैतन्य निरन्तर पगा रहे ॥

(३)

होकर तटस्थ निःस्वार्थमयी, तत्वोपदेश जो करता है।
होकर स्वभाव में ही स्थित, जो वस्तु स्वरूप सुमरता है ॥
जो विषय-कषायों-शल्यों को, अन्तर से मार भगाता है।
उस वीतराग विज्ञानी का, ज्ञानोपयोग कहलाता है ॥
प्रभु ! यही भावना भाता हूँ, उपयोग ज्ञान में लगा रहे।
बस ज्ञान-ज्ञान में ही मेरा, चैतन्य निरन्तर पगा रहे ॥

(४)

चंचल मन स्थिर हो जाता, खो जाता जाल विकल्पों का।
जिन शासन तत्व प्रसारक है, नाशक है अन्तर्जल्पों का ॥
पापों का क्षय, पुण्यों की जय, निर्भय प्रभावना दर्शन की।
अभ्यास इसी का करो सतत, महिमा है इसके अर्जन की ॥
प्रभु ! यही भावना भाता हूँ, उपयोग ज्ञान में लगा रहे।
बस ज्ञान-ज्ञान में ही मेरा, चैतन्य निरन्तर पगा रहे ॥

(५)

है नाम कर्म की पुण्य प्रकृति, सर्वोत्कृष्ट तीर्थंकर की।
बँधती रहती, मिलती रहती, अनुपम विभूति बाह्यान्तर की ॥
जो हैं वैभव सम्पन्न गृहस्थ, अथवा विरक्त सन्यासी हैं।
वे करें अर्चना इस गुण की, हम भी इसके अभिलाषी हैं ॥

प्रभु ! यही भावना भाता हूँ, उपयोग ज्ञान में लगा रहे ।
बस ज्ञान-ज्ञान में ही मेरा, चैतन्य निरन्तर पगा रहे ।।
ॐ ह्रीं अभीक्षण ज्ञानोपयोगाय नमः महार्घ्यम् नि० स्वा०

इति अभीक्षण ज्ञानोपयोग भावना पूजा समाप्ता

अथ संवेग-भावना पूजा

(कुंडली छंद)

धन-जन पुत्र कलत्र से, उदासीनता भाव ।
जग के विषय कषाय प्रति होवे तनिक न चाव ।।
होवे तनिक न चाव भावना संवेगी है ।
सतत आत्म-कल्याण, साधना हृदय जगी है ।।
जल चंदन वनशालि पुष्प चरु दीप धूप-फल ।
युक्त अर्घ्य ले करूँ समर्पित चरणाम्बुज तल ।।

ॐ ह्रीं संवेगाय नमः

यहां इस मंत्र से १०८ बार जाप देना चाहिये । पश्चात्—

ॐ ह्रीं संवेगाय जलम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं संवेगाय चन्दनम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं संवेगाय अक्षतम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं संवेगाय पुष्पम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं संवेगाय नैवेद्यम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं संवेगाय दीपम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं संवेगाय धूपम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं संवेगाय फलम् नि० स्वा०

यदि पृथक पृथक अष्ट द्रव्य न चढ़ाना हो तो—

ॐ ह्रीं संवेगाय अर्घ्यम् नि० स्वा० पढ़ कर अर्घ्य चढ़ाना चाहिये ।

संवेग भावना जयमाला

(१)

संसार देह से, भोगों से, जो उदासीनता रहती है।
या 'वत्थु सहावो धम्मो' में, जो आत्मलीनता रहती है॥
संवेग इसे ही कहते हैं, इस पर जग जीवन वारूँगा।
ले स्वर्ण-पात्र में अष्ट द्रव्य, श्रद्धा से अर्घ्य उतारूँगा॥
संवेग-भावना मन में हो, संवेग-साधना जीवन में।
संवेगशीलता नाच उठे, सोलह कारण के आँगन में॥

(२)

जैनेन्द्र धर्म दश लक्षण है, रत्नत्रय धर्म विलक्षण है।
करुणामय धर्म अहिंसा में, जो जीव मात्र का रक्षण है॥
सो स्व-पर अहिंसा-धर्म साधु, श्रावक दोनों के लिये कहे।
इन सब धर्मों के प्रति मेरा, हे नाथ! परम अनुराग रहे॥
संवेग-भावना मन में हो, संवेग-साधना जीवन में।
संवेगशीलता नाच उठे, सोलह कारण के आंगन में॥

(३)

मेरा स्वरूप है सहज-स्वस्थ, स्वाभाविक एवं सुन्दर है।
केवल दर्शन, कैवल्य ज्ञान से, भरा हुआ रत्नाकर है॥
है वस्तु स्वभाव यही केवल, इसका मैं चिन्तन नित्य करूँ।
है आतमधर्म, केवल प्रशस्त, इसका आराधन नित्य करूँ॥
संवेग-भावना मन में हो, संवेग साधना जीवन में।
संवेगशीलता नाच उठे, सोलह कारण के आँगन में॥

(४)

नारायण या प्रतिनारायण, या चक्रवर्ति बलभद्र हुये ।
सामान्य केवली तीर्थंकर, निर्बाध तपस्वी रुद्र हुये ॥
देवेन्द्र हुए अहमेन्द्र हुए, धर्मों के पुण्यों के फल से ।
निज भूमिकाओं के अनुसारी पद प्राप्त हुए इनके बल से ॥
संवेग-भावना मन में हो, संवेग साधना जीवन में ।
संवेगशीलता नाच उठे, सोलह कारण के आँगन में ॥

(५)

धर्मों में, धर्मों के फल में आस्तिक्य रहे, अनुराग रहे ।
तन-धन-जन-विषय-कषायों से, मन में अतिसाम्य विराग रहे ॥
सार्धमि बन्धु को देख देख, कर लूँ प्रमोद मन में धारण ।
भोगों को तज कर भावनाएँ, भाऊँ अघ हर सोलह कारण ॥
संवेग-भावना मन में हो, संवेग साधना जीवन में ।
संवेगशीलता नाच उठे सोलह कारण के आँगन में ॥

ॐ ह्रीं संवेगाय नमः महार्घ्यम् नि० स्वाहा

इति संवेग-भावना पूजा समाप्ता

●

अथ शक्तितस्त्याग भावना पूजा

(कुंडली छंद)

रत्नत्रय धारी पुरुष, अधिकारी सत् पात्र ।
उन्हें चतुर्विध दान दे, यथाशक्ति चिन्मात्र ॥
यथाशक्ति चिन्मात्र दान ही त्याग-भावना ।
कही 'शक्तितः त्याग' मयी अनुपम प्रभावना ॥

जल चन्दन वनशालि, पुष्प चरु दीप धूप फल ।
युक्त अर्घ्य ले करूँ, समर्पित चरणाम्बुज-तल ।।

ॐ ह्रीं शक्तितस्त्यागाय नमः

यहां इस मंत्र से १०८ बार जाप देना चाहिये पश्चात्—

ॐ ह्रीं शक्तितस्त्यागाय जलम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं शक्तितस्त्यागाय चंदनम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं शक्तितस्त्यागाय अक्षतम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं शक्तितस्त्यागाय पुष्पम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं शक्तितस्त्यागाय नैवेद्यम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं शक्तितस्त्यागाय दीपम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं शक्तितस्त्यागाय धूपम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं शक्तितस्त्यागाय फलम् नि० स्वा०

यदि प्रथक प्रथक अष्ट द्रव्य न चढ़ाना हो, तो—

ॐ ह्रीं शक्तितस्त्यागाय अर्घ्यम् नि० स्वा० पढ़ कर अर्घ्य चढ़ाना चाहिये ।

शक्तितस्त्याग भावना जयमाला

(१)

जग के वैभव या विषय भोग, संयोग आदि क्षण भंगुर हैं ।
इनमें ममता हम नहीं रखें, ये तो वियोग के अंकुर है ।।
ये हमें छोड़ दें इसके भी, पहिले हम इनको छोड़ सकें ।
अपनी क्षमता के माफिक, इनकी ममता से मुख मोड़ सकें ।।

इसलिए भावना भाता हूँ, मैं यथाशक्ति जग त्याग करूँ ।
अतएव अर्चना करता हूँ, जीवन में भक्ति विराग भरूँ ।।

(२)

तन-मन-धन बाह्य परिग्रह हैं, मिथ्यात्व कषायें भीतर के ।
इनके प्रति मूर्च्छा भाव त्याग, विष रस त्यागूं विषयान्तर के ।।
पद लोलुप होकर पर पदार्थ की कभी याचना नहीं करूँ ।
संकल्प विकल्पों में फंस कर, मैं मूढ़ कामना नहीं करूँ ।।
इसलिए भावना भाता हूँ, मैं यथाशक्ति जग त्याग करूँ ।
अतएव अर्चना करता हूँ, जीवन में भक्ति विराग भरूँ ।।

(३)

शुभ उपयोगों में मग्न नग्न, निर्ग्रन्थ संत भी त्यागी हैं ।
तत्वोपदेश श्रावक समूह को देने के बडभागी हैं ।।
इसलिए सुगति के अधिकारी, वे तारण-तरण कहाते हैं ।
शुद्धोपयोग को छू छूकर, शुभ उपयोगी बन जाते हैं ।।
अतएव भावना भाता हूँ, मैं यथाशक्ति जग त्याग करूँ ।
अतएव अर्चना करता हूँ, जीवन में भक्ति विराग भरूँ ।।

(४)

उत्तम मध्यम एवं जघन्य, सत्पात्र कहे जिन-शासन में ।
छट्टे पंचम चौथे क्रमशः, गुण थानक अन्तर आतम में ।।
मुनिवर्य आर्यिका व्रती और अविरत सम्यग्दृष्टी तीनों ।
सत्पात्र दान के अधिकारी इनको परखो, इनको चीन्हों ।।
औषधि का और अभयता का, आहारों का सद्ज्ञानों का ।
जिन शक्ति त्याग कहलाता है, दीनों को देना दानों का ।।

(५)

जिस गृहस्थ और श्रावक के घर में त्याग वृत्ति मय दान नहीं।
उसके घर जैसा कोई दूसरा मरघट और मसान नहीं ।।
उस घर के मुर्दे मुखिया को मानो सब नोंच खसोट रहे ।
सब पुत्र-कलत्र गिद्ध बनकर चोंचों की दे दे चोट रहे ।।
मैं भक्ति प्रीति से इसीलिए शक्तितः त्याग करना चाहूँ ।
चारों दानों के पुण्यों से, निज जीवन को भरना चाहूँ ।।

ॐ ह्रीं शक्तितस्त्यागाय नमः महार्घ्यम् नि० स्वाहा

इति शक्तितस्त्याग भावना पूजा समाप्ता

अथ शक्तितस्तपो भावना-पूजा

(कुंडली छंद)

तप के बारह भेद हैं छः अन्तर छः बाह्य ।
स्वर्ग-मोक्ष फल प्राप्ति में भव्यों को हैं ग्राह्य ।।
भव्यों को है ग्राह्य तपस्या यथाशक्ति हो ।
निजानन्द चैतन्य तत्त्व में पूर्ण भक्ति हो ।।
जल चन्दन वनशालि पुष्प चरु दीप धूप फल ।
युक्त अर्घ्य ले करूँ समर्पित चरणाम्बुज तल ।।

ॐ ह्रीं शक्तितस्तपसे नमः

यहां इस मंत्र से १०८ बार जाप देना चाहिये पश्चात्

ॐ ह्रीं शक्तितस्तपसे जलम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं शक्तितस्तपसे चन्दनम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं शक्तितस्तपसे अक्षतम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं शक्तितस्तपसे पुष्पम् नि० स्वा०

ॐ ह्रीं शक्तितस्तपसे नैवेद्यम् नि० स्वा०

ॐ ह्रीं शक्तितस्तपसे दीपम् नि० स्वा०

ॐ ह्रीं शक्तितस्तपसे धूपम् नि० स्वा०

ॐ ह्रीं शक्तितस्तपसे फलम् नि० स्वा०

ॐ ह्रीं शक्तितस्तपसे अर्घ्यम् नि० स्वाहा पढ़ कर अर्घ्य चढाना चाहिये ।

शक्तितस्तपो भावना-जयमाला

(१)

गार्हस्थिक आशा-तृष्णा का, जंजाल काटने वाला है ।
काया के सुख को कृश करने के हेतु समझिये भाला है ।।
धन जन की वांछा बहुत दूर, वांछा है नहीं लंगोटी की ।
इच्छा निरोध से ही होती सत्यार्थ तपस्या चोटी की ।।
योगासन, प्राणायाम, ध्यान इत्यादि बाहिरी तप धारूँ ।
चैतन्य प्रतापी अन्तरंग आनन्द समाधी विस्तारूँ ।।

(२)

तन-मन इन्द्रिय का दमन करूँ मैं काम वासना शमन करूँ ।
सब बाह्य परिग्रह की मूर्छा मिथ्यात्व कषायें वमन करूँ ।।
आहार पान की खबर भूल, गिरि कन्दराओं प्रति गमन करूँ ।
निष्कम्प रहूँ उपसर्गों में निज परमातम को नमन करूँ ।।
योगासन प्राणायाम ध्यान इत्यादि बाहिरी तप धारूँ ।
चैतन्य प्रतापी अन्तरंग आनन्द समाधी विस्तारूँ ।।

(३)

मैं करूँ निर्जरा चिर संचित, शठ बँधे हुए जड़ कर्मों की ।
हो राग-द्वेष से रहित प्रवृति, व्रत-समिति पंच मुनि धर्मों की ॥
पंचेन्द्रिय मन को दूँ लगाम, केशों का लुँचन स्वयं करूँ ।
समता वंदन आलोचन थुति, प्रतिक्रमण काय उत्सर्ग करूँ ॥
योगासन प्राणायाम ध्यान, इत्यादि बाहिरी तप धारूँ ।
चैतन्य प्रतापी अन्तरंग, आनन्द समाधी विस्तारूँ ॥

(४)

सर्दी गर्मी वर्षा ऋतु में, त्रैकाल्य नग्न परिवेश धरूँ ।
स्नान दंत धावन तज कर, आजीवन भू-पर शयन करूँ ॥
कर-पात्री होकर खड़े खड़े, नीरस अवाक् आहार करूँ ।
अत्यल्प दिवस में एक बार लूँ, ताकि विषय परिहार करूँ ॥
योगासन प्राणायाम ध्यान, इत्यादि बाहिरी तप धारूँ ।
चैतन्य प्रतापी अन्तरंग, आनन्द समाधी विस्तारूँ ॥

(५)

है यही तपस्या वन्दनीय, योगीश्वर इसको धरते हैं ।
इस उत्तम तप के द्वारा ही, कैवल्य प्राप्त वे करते हैं ॥
मैं करूँ अर्चना इस तप की, श्रद्धा से अर्घ्य उतारूँगा ।
लोकाग्र शिखर पर स्थित जो, वह मुक्ति मोहिनी पाऊँगा ॥
योगासन प्राणायाम ध्यान, इत्यादि बाहिरी तप धारूँ ।
चैतन्य प्रतापी अन्तरंग, आनन्द समाधी विस्तारूँ ॥

ॐ ह्रीं शक्तितस्तपसे नमः महार्घ्यम् नि० स्वाहा ।

इति श्री शक्तितस्तपो भावना पूजा समाप्ता

अथ साधु-समाधि भावना पूजा

(कुण्डली-छन्द)

जहाँ नहीं भय मरण का, जहाँ नहीं भय रोग।
जहाँ नहीं उपसर्ग भय, जहाँ न इष्ट-वियोग ॥
जहाँ न इष्ट वियोग और संयोग अनिष्टा।
वहीं भावना साधु-समाधि कही उत्कृष्टा ॥
जल चंदन वनशालि, पुष्प चरु दीप धूप फल।
युक्त अर्घ्य ले करूँ, समर्पित चरणाम्बुज तल ॥

ॐ ह्रीं साधुसमाधये नमः

यहाँ इस मंत्र से १०८ बार जाप्य देना चाहिये। पश्चात्—

ॐ ह्रीं साधु समाधये जलम् नि० स्वा०

ॐ ह्रीं साधु समाधये चन्दनम् नि० स्वा०

ॐ ह्रीं साधु समाधये अक्षतम् नि० स्वा०

ॐ ह्रीं साधु समाधये पुष्पम् नि० स्वा०

ॐ ह्रीं साधु समाधये नैवेद्यम् नि० स्वा०

ॐ ह्रीं साधु समाधये दीपम् नि० स्वा०

ॐ ह्रीं साधु समाधये धूपम् नि० स्वा०

ॐ ह्रीं साधु समाधये फलम् नि० स्वा०

यदि पृथक पृथक द्रव्य न चढ़ाना हो तो—

ॐ ह्रीं साधु समाधये अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा पढ़ कर अर्घ्य चढ़ाना चाहिये।

साधु-समाधि-भावना-जयमाला

(१)

जीवन की अन्तिम बेला में, वे साधु समाधि मरण पाते ।
जन्मान्तक और बुढ़ापे से, गुण गण समृद्ध जो भय खाते ।।
भव-भव में नव-नव तन पाया, भव-भव में परिजन सम्मेलन ।
भव-भव में राज्य विभव पाया, भव-भव में जननी जनक शरण ।।
पर साधु-समाधि नहीं पाई, अब तक मैंने इस कारण से ।
सम्यक्त्व रहित हो कतराया, क्योंकि रतन त्रय धारण से ।।

(२)

भव-भव में स्त्री लिंग पाया, भव-भव में हुआ नपुंसक भी ।
भव-भव में पुल्लिंग पर्यायों का, हुआ आत्मा धारक भी ।।
भव-भव में हुआ नरकगामी, कामी क्रोधी तिर्यंच हुआ ।
भव-भव मिथ्यात्व अवस्था में, पापों का प्रचुर प्रपंच हुआ ।।
पर साधु-समाधि नहीं पाई, अब तक मैंने इस कारण से ।
सम्यक्त्व रहित हो कतराया, क्योंकि रतन त्रय धारण से ।।

(३)

भव-भव में स्वर्ग सिधार देव, मैं हुआ समस्त निकायों का ।
भव-भव पूजे अरहंत देव, ले आश्रय नित्य परायों का ।।
भव-भव आलोचन क्षमापणा, प्रति क्रमण आदि के स्वांग धरे ।
भव-भव में दुद्धर तप करके, फल चाहे अगणित माँग भरे ।।
पर साधु-समाधि नहीं पाई, अब तक मैंने इस कारण से ।
सम्यक्त्व रहित हो कतराया, क्योंकि रतनत्रय धारण से ।।

(४)

भव-भव में समवशरण जाकर, देखा मैंने अरहन्तों को ।
भव-भव में ग्यारह अंग पढ़े देखा गणधर से सन्तों को ।।
फिर भी अनादि से ले कर के, अब तक संसार नहीं छूटा ।
शुभ कार्य सत्य कैसे होते, जब रहा स्वयं ही से रूठा ।।
पर साधु-समाधि नहीं पाई, अब तक मैंने इस कारण से ।
सम्यक्त्व रहित हो कतराया, क्योंकि रतन त्रय धारण से ।।

(५)

तीनों लोकों में दुर्लभ हो, ऐसा कोई पुरुषार्थ नहीं ।
फिर साधु-समाधि अपूर्व रहे, यह आशंका सत्यार्थ नहीं ।।
चारों गतियों का भ्रमण मेट, पंचम गति से भेंटाती है ।
सम्यक्त्व सहित आदर्श मृत्यु ही साधु समाधि कहाती है ।।
उस साधु-समाधि साधना मय जीवन का अर्घ्य उतारा है ।
जिसने संसारी जीवों को, पल भर में पार उतारा है ।।

ॐ ह्रीं साधु समाधये महार्घ्यम् नि० स्वा०

इति श्री साधु-समाधि भावना पूजा समाप्ता

●

अथ वैयावृत्य भावना-पूजा

(कुंडली छंद)

वात-पित्त कफ जन्य रुज, कास स्वास या कुष्ट ।
शूलोदर शिर वेदना, वृद्धावस्था रुष्ट ।।
वृद्धावस्था रुष्ट होय यदि साधु वर्ग पर ।
दे औषधि आहार विनय सादर सेवा कर ।।

जल चंदन वनशालि पुष्प चरु दीप धूप फल ।
युक्त अर्घ्य ले करूँ समर्पित चरणाम्बुज तल ।।

ॐ ह्रीं वैयावृत्यकरणाय नमः

यहाँ इस मंत्र से १०८ बार जाप्य देना चाहिये, पश्चात्—

ॐ ह्रीं वैयावृत्यकरणाय जलम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं वैयावृत्यकरणाय चन्दनम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं वैयावृत्यकरणाय अक्षतम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं वैयावृत्यकरणाय पुष्पम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं वैयावृत्यकरणाय नैवेद्यम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं वैयावृत्यकरणाय दीपम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं वैयावृत्यकरणाय धूपम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं वैयावृत्यकरणाय फलम् नि० स्वा०

यदि पृथक पृथक द्रव्य न चढ़ाना हो तो—

ॐ ह्रीं वैयावृत्यकरणाय अर्घ्यम् निर्वयामीति स्वाहा पढ़ कर अर्घ्य चढ़ाना चाहिये ।

●

वैयावृत्य-भवना-जयमाला

(१)

कर भेद ज्ञान तन चेतन का, जो आत्म-साधना करते हैं ।
ऐसे कृश काय तपस्वी गण, रोगों पर दृष्टि न धरते हैं ।।
औषधि से, पथ्याहारों से, उनकी जो सेवा सुश्रूषा ।
वह वैयावृत्य करण जानो, सोलह कारण की मंजूषा ।।

इसलिए भावना भाता हूँ, गुरु गण की वैयावृत्य करूँ ।
निज सेवा एवं पर सेवा से जीवन यह कृत्कृत्य करूँ ॥

(२)

आचार्य तपस्वी शिष्य ग्लान, गण संघ साधु जो भेद कहे ।
कुल उपाध्याय एवं मनोज्ञ दस, मुनिवर भव को छेद रहे ॥
परिचर्या सेवा सुश्रूषा, करते हैं सभी परस्पर में ।
अपने से श्रेष्ठ मुनीश्वर की, करुणा है उनके अन्तर में ॥
इसलिए भावना भाता हूँ, गुरु गण की वैयावृत्य करूँ ।
निज सेवा एवं पर सेवा से, जीवन यह कृत्कृत्य करूँ ॥

(३)

जो युक्तियुक्त आहार दान, वह है निमित्त तन रक्षण में ।
दोषों का निन्हव कर पर को, स्थिर रखना दशलक्षण में ॥
सम्यग्दर्शन से च्युत होकर, जो श्रावक-मुनि पथ भ्रष्ट हुए ।
उनको सम्हालने वाले ही, वैयावृत्ती उत्कृष्ट हुए ॥
इसलिए भावना भाता हूँ, गुरु गण की वैयावृत्य करूँ ।
निज सेवा एवं पर सेवा से, जीवन यह कृत्कृत्य करूँ ॥

(४)

शिष्यों को शास्त्र पढ़ाना ही, गुरु का शुभ वैयावृत्य कहा ।
गुरु की पद सेवा करना ही, शिष्यों का अनुपम कृत्य कहा ॥
अपने द्वारा अपनी सेवा निज, आत्म ज्ञान से कर लेना ।
निश्चय से वैयावृत्य यही, पर से क्या कुछ लेना-देना ॥
इसलिए भावना भाता हूँ गुरुगण की वैयावृत्य करूँ ।
निज सेवा एवं पर सेवा से जीवन यह कृत्कृत्य करूँ ॥

(५)

जो मोह राग या द्वेष आदि, भावाश्रव चेतन में आते ।
वे जड़ कर्मों की संतति को, द्रव्याश्रव बनकर चिपटाते ।।
उन द्रव्य, भाव, दो कर्मों का, संवर करना निज भावों से ।
अपने स्वरूप में डटना ही, हटना परकीय विभावों से ।।
इसलिए भावना भाता हूँ, गुरुगण की वैयावृत्य करूँ ।
निज सेवा एवं पर सेवा से जीवन यह कृतकृत्य करूँ ।।

ॐ ह्रीं वैयावृत्यकरणाय नमः महार्घ्यम् नि० स्वा०

इति वैयावृत्य भावना पूजा समाप्ता

●

अथ अर्हद्भक्ति-भावना-पूजा

(कुंडली छंद)

मनसा वाचा कर्मणा दो अक्षर का नाम ।
सुमरो 'जिन' निज रूप में, अर्हद्भक्ति ललाम ।।
अर्हद्भक्ति ललाम करो जिनकी उपासना ।
वीतरागता लाने वाली यही भावना ।।
जल चन्दन वनशालि पुष्प, चरु दीप धूप फल ।
युक्त अर्घ्य ले करूँ समर्पित चरणाम्बुज-तल ।।

ॐ ह्रीं अर्हद्भक्तये नमः

यहां इस मंत्र से १०८ बार जाप देना चाहिये । पश्चात्—

ॐ ह्रीं अर्हद्भक्तये जलम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं अर्हद्भक्तये चन्दनम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं अर्हद्भक्तये अक्षतम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं अर्हद्भक्तये पुष्पम् नि० स्वा०

ॐ ह्रीं अर्हद्भक्तये नैवेद्यम् नि० स्वा०

ॐ ह्रीं अर्हद्भक्तये दीपम् नि० स्वा०

ॐ ह्रीं अर्हद्भक्तये धूपम् नि० स्वा०

ॐ ह्रीं अर्हद्भक्तये फलम् नि० स्वा०

यदि पृथक पृथक द्रव्य न चढ़ाना हो तो—

ॐ ह्रीं अर्हद्भक्तये अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा पढ़ कर अर्घ्य चढ़ाना चाहिये ।

●

अर्हदभक्ति-भावना-जयमाला

(१)

जो चार घातिया कर्मों को, कर नष्ट इष्ट अरहंत हुए ।
वे प्रकट चतुष्टय दर्श-ज्ञान-सुख-वीर्य अनंतानंत हुए ।।

तीनों लोकों के एक साथ, त्रैकाल्य प्रकट ज्ञाता-दृष्टा ।
केवलज्ञानी परमोत्कृष्ट, जीवों के हित के उपदेष्टा ।।

इन भगवन्तों की भक्ति रहे, अनुरक्ति रहे अरहन्तों की ।
इन समवशरण अधिपतियों की, शत-शत सुरेन्द्र जयवन्तों की ।।

(२)

तीर्थंकर आठों प्रतिहार्य से, मंडित मंगल द्रव्यों से ।
हैं वन्दनीय धरणेन्द्रों से, सुरपति नरपति से भव्यों से ।।

वे क्षुधा तृषादिक अट्ठारह, दोषों से बिल्कुल वंचित हैं ।
कोटिक सूर्यों की तेज राशियें, उनमें युगपत् संचित हैं ।।

इन भगवन्तों की भक्ति रहे, अनुरक्ति रहे अरहन्तों की ।
इन समवशरण अधिपतियों की, शत-शत सुरेन्द्र जयवन्तों की ।।

(३)

व्यवहारतया सुख के कर्त्ता, दुःख के हर्त्ता तीर्थंकर हैं ।
निश्चय से लेकिन वीतराग, निज वैभव के परमेश्वर हैं ।।
मैं उनकी पूजा भक्ति करूँ, अभिनन्दन वन्दन नमन करूँ ।
भव-तारक नर्क निवारक के, निर्दिष्ट मार्ग में गमन करूँ ।।
इन भगवन्तों की भक्ति रहे, अनुरक्ति रहे अरहन्तों की ।
इन समवशरण अधिपतियों की शत-शत सुरेन्द्र जयवंतों की ।।

(४)

उनका ही ध्यान सतत करके, मैं उन जैसा ही बन जाऊँ ।
उन जैसा ही अपना स्वरूप, मैं द्रव्य दृष्टि से लख पाऊँ ।।
फिर मोह कर्म के नाश हेतु, हो नियत साधना व्यवहारी ।
अभिव्यक्त करूँ पर्यायों में, अरहंत अवस्था क्रमवारी ।।
इन भगवन्तों की भक्ति रहे, अनुरक्ति रहे अरहन्तों की ।
इन समवशरण अधिपतियों की, शत-शत सुरेन्द्र जयवन्तों की ।।

ॐ ह्रीं अर्हद्भक्तये नमः महार्घ्यम् नि० स्वा०

इति अर्हद्भक्ति भावना पूजा समाप्ता

●

अथ आचार्य भक्तिभावना-पूजा

(कुंडली छंद)

मुनि पद पूजा वंदना, नमस्कार विनयादि ।
उच्चासन देकर करे, नवधा भक्ति समाधि ।।
नवधा भक्ति समाधि, यही आचार्य भक्ति है ।
श्रावक श्रमणों के द्वारा, कृत यथाशक्ति है ।।

जल-चंदन वनशालि पुष्प, चारु दीप धूप फल ।
युक्त अर्घ्य ले करूँ समर्पित चरणाम्बुज तल ।।

ॐ ह्रीं आचार्य भक्तये नमः

यहाँ इस मंत्र से १०८ बार जाप्य देना चाहिये । पश्चात्—

ॐ ह्रीं आचार्यभक्तये जलम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं आचार्यभक्तये चंदनम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं आचार्यभक्तये अक्षतम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं आचार्यभक्तये पुष्पम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं आचार्यभक्तये नैवेद्यम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं आचार्यभक्तये दीपम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं आचार्यभक्तये धूपम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं आचार्यभक्तये फलम् नि० स्वा०

नोट : यदि पृथक पृथक द्रव्य न चढ़ाना हो तो—

ॐ ह्रीं आचार्यभक्तये अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा पढ़ कर अर्घ्य चढ़ाना चाहिये ।

●

आचार्य भक्ति भावना-जयमाला

(१)

बारह व्रत एवं दशलक्षण धर्मोन्मुखी जिन की चर्या ।
त्रय गुप्ति पंच आचार छहों, आवश्यक पालें आइरिया ।।
इस भाँति मूल गुण छत्तीसों, आचार्य प्रवर धारण करते ।
निर्ग्रन्थ पंथ के पथिक पक्ष, मासोपवास पारण करते ।।
गुणखान तपोनिधि सूरिगणों, के गुण गा अर्घ्य उतारूँगा ।
पुष्पाञ्जलि चरणों में देकर, आचरणों को शृंगारूँगा ।।

(२)

वन-उपवन शैल गुहाओं में, बस धर्म ध्यान जो करते हैं।
या शुक्ल ध्यान की धारा में, वह भेद ज्ञान भी करते हैं॥
प्रायश्चित शिक्षा दीक्षा दे, मुनि संघों के अधिनायक हैं।
जो नय प्रमाण निक्षेप आदि से, आत्मतत्त्व के ज्ञायक हैं॥
गुणखान तपोनिधि सूर गणों के, गुण गा अर्घ्य उतारूँगा।
पुष्पाञ्जलि चरणों में देकर, आचरणों को शृंगारूँगा॥

(३)

पंचांग नमन पद पद्मों में, करता हूँ सब आचार्यों के।
पूजा करने सन्मुख आया, निर्ग्रन्थ दिगम्बर आर्यों के॥
कायोत्सर्ग में अहोरात्रि, लवलीन सतत जो रहते हैं।
भव-कूप भयातुर परीषहों या, उपसर्गों को सहते हैं॥
गुणखान तपोनिधि सूरिगणों, के गुण गा अर्घ्य उतारूँगा।
पुष्पाञ्जलि चरणों में देकर, आचरणों को शृंगारूँगा॥

(४)

मन वचन काय पावन करके, नासाग्र दृष्टि रखने वाले।
आचार्य प्रवर परमेष्ठी हैं, शुद्धोपयोग चखने वाले॥
उनके नीरज चरणों की रज, को छूकर धन्य हुई धरती।
उस धरती का भी अभिनन्दन, मेरी भावुक श्रद्धा करती॥
गुणखान तपोनिधि सूर गणों के, गुण गा अर्घ्य उतारूँगा।
पुष्पाञ्जलि चरणों में देकर, आचरणों को शृंगारूँगा॥

ॐ ह्रीं आचार्यभक्तये महार्घ्यम् नि० स्वा०

इति आचार्य भक्ति भावना पूजा समाप्ता

●

अथ बहुश्रुत भक्ति-भावना-पूजा

(कुंडली छंद)

भवाताप स्मारिका, लोकालोकालोक ।
अनेकान्त वाणी विमल, जिनवर उक्त अशोक ।।
जिनवर उक्त अशोक वचन ही आत्मस्मृति है ।
द्वादशांग के धारी पाठक ही बहुश्रुति हैं ।।
जल चंदन वनशालि पुष्प चरु दीप धूप-फल ।
युक्त अर्घ्य ले करूँ समर्पित चरणाम्बुज तल ।।

ॐ ह्रीं बहुश्रुत भक्तये नमः

यहाँ इस मंत्र से १०८ बार जाप देना चाहिये । पश्चात्—

ॐ ह्रीं बहुश्रुत भक्तये जलम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं बहुश्रुत भक्तये चन्दनम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं बहुश्रुत भक्तये अक्षतम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं बहुश्रुत भक्तये पुष्पम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं बहुश्रुत भक्तये नैवेद्यम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं बहुश्रुत भक्तये दीपम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं बहुश्रुत भक्तये धूपम् नि० स्वा०
ॐ ह्रीं बहुश्रुत भक्तये फलम् नि० स्वा०

यदि पृथक पृथक अष्ट द्रव्य न चढ़ाना हो तो—

ॐ ह्रीं बहुश्रुत भक्तये अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा पढ़ कर अर्घ्य चढ़ाना चाहिये ।

●

बहुश्रुत भक्ति भावना-जयमाला

(१)

जो उपाध्याय परमेष्ठी हैं, वे बहुश्रुतवंत कहाते हैं।
वे द्वादशांग के ज्ञाता हैं, खुद पढ़ते और पढ़ाते हैं।।
आगम की आगमधारी के प्रति, विनय भक्ति श्रुत भक्ति रहे।
दुर्नय विहीन आगम-प्रवीन, जिनवाणी की अनुरक्ति रहे।।
निश्चय से आत्माध्याय पढ़ूँ, स्वाध्याय करूँ सद्ग्रन्थों का।
बहुमान करूँ बहु श्रुतज्ञानी, गुरु उपाध्याय निर्ग्रन्थों का।।

(२)

जो जिन शास्त्रों के माध्यम से, स्वाध्याय स्वयं का करते हैं।
वे उपाध्याय पाठक मुनिवर, अज्ञान जगत का हरते हैं।।
शास्त्रों का अर्थ लगाते हैं, वाचन करके समझाते हैं।
अक्षर मात्रा का संशोधन कर, लिखते और लिखाते हैं।।
निश्चय से आत्माध्याय पढ़ूँ, स्वाध्याय करूँ सद्ग्रन्थों का।
बहुमान करूँ बहुश्रुत ज्ञानी, गुरु उपाध्याय निर्ग्रन्थों का।।

(३)

खादी के शुद्ध धवल वस्त्रों से, करूँ सुसज्जित सरस्वती।
हर भाँति सुरक्षित रखूँ दिव्य, जिन पत्र प्रतिष्ठित सरस्वती।।
हो स्वर्ण शिलालेखों पर ही, रत्नाक्षर टंकित सरस्वती।
